[This question paper contains 4 printed pages.]

Your Roll No...............

**Sr. No. of Question Paper : 9338** **IC**

Unique Paper Code : 62051413

Name of the Paper : Hindi – C

Name of the Course : **B.A. (Prog.) Hindi – CBCS**

Semester : IV

समय : 3 घण्टे पूर्णांक : 75

munotes.in

## छात्रों के लिए निर्देश

1. इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।

2. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. किन्हीं दो गद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : (10×2=20)

(क) अभागिन अमीना अपनी कोठरी में बैठी रो रही है। आज ईद का दिन और उसके घर दाना नहीं! आज आबिद होता, तो क्या इसी तरह ईद आती और चली जाती! इस अंधकार और निराशा में वह डूबी जा रही है। किसने बुलाया था इस निगोड़ी ईद को ? इस घर में उसका काम नहीं।

P.T.O.

(ख) 'तरक्की यूँ ही हो जाएगी ? साहब को खुश रखूँगा, तो कुछ करेगा, वरना उसकी खिदमत करने वाले और थोड़े हैं ?', 'तो मैं बना दूँगी, बेटा, जैसे बन पड़ेगा, बना दूँगी।' और मां दिल ही दिल में फिर बेटे के उज्ज्वल भविष्य की कामनाएं करने लगीं और मिस्टर शामनाथ, अब सो जाओ, मां, कहते हुए, तनिक लड़खड़ाते हुए अपने कमरे की ओर घूम गए।

(ग) "सुन्दर बात कही है आपने। सुना सदाशिव जी, परिस्थितियों में मनुष्य को बदलना ही चाहिए, चाहे मन मार कर ही सही। आप देखते हैं टेलीफोन की घंटी बज रही है, तो चाहे व्यस्त क्यों न हो, उठकर सुनना ही चाहिए। हर बार कह देते हैं, हम हिसाब कर रहे हैं।"

(घ) भक्ति मूलतः संयम नहीं। संयम में जो आत्म-पीड़न होता है उसका नाम भक्ति नहीं। भक्ति मन का दमन नहीं करती। वह मन को मोड़ती है। 'कम सुन्दर' से इंद्रियों को हटा कर 'अचिंत्य सौंदर्य' की ओर लगा देती है।

2. (क) हिन्दी गद्य के विकास का परिचय दीजिए। (12)

अथवा

munotes.in



हिन्दी निबंध - यात्रा का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

(ख) चिमटा खरीदने के पक्ष में हामिद के तर्कों को अपने शब्दों में लिखिए। (12)

अथवा

"चीफ की दावत" कहानी के आधार पर शामनाथ का चरित्र-चित्रण कीजिए ?

(ग) 'जबान' निबंध का मूल संदेश लिखिए। (12)

अथवा

"होना कुछ नहीं का" निबंध सरकारी निकम्मेपन को दिखाता है' - स्पष्ट कीजिए।

(घ) "गिल्लू" संस्मरण मनुष्य और गिलहरी के बीच आत्मीय संबंध को दर्शाता है" - स्पष्ट कीजिए। (12)

अथवा

"गंगा स्नान करने चलोगे" का प्रतिपाद्य लिखिए।

3. निम्नलिखित में से किसी **एक** पर टिप्पणी लिखिए : (7)

(क) भारतेन्दु के नाटक

(ख) ललित - निबंध

(ग) संस्मरण

munotes.in